राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 29 जनवरी। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के बलिदान दिवस पर कल दिनांक 30 जनवरी, 2022 के अवसर पर प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इसी कड़ी में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के बलिदान दिवस 30 जनवरी, 2022 के अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर प्रातः 10:00 बजे सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, पार्टी के विधायकगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter